दिन–गुरूवार

दिनांक– 29 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना हवाई अड्डा के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने दो दिवसीय बिहार दौरे के पहले दिन पटना में किया भव्य रोड–शो। प्रधानमंत्री की झलक पाने के लिए तिरंगा के साथ लोगों की उमड़ी भीड़।

03. प्रधानमंत्री कल रोहतास के बिक्रमगंज में राज्य की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान व्यक्त किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार वासियों को कई सौगात दी हैं। श्री मोदी ने पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पटना हवाई अड्डे के नये टर्मिनल के बन जाने से हवाई अड्डे का पैंसठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तार हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इससे हवाई यात्रियों को काफी सुविधा होगी। वहीं, बिहटा में बन रहे दूसरे बड़े हवाई अड्डे का निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर प्रतिवर्ष पचास लाख विमान यात्रियों को सेवा मिल सकेगी। इस एयरपोर्ट पर छह एयरो ब्रिज और छह बैगेज कन्वेयर बेल्ट लगाए गए हैं। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से इस क्षेत्र में आईआईटी जैसी शैक्षिक संस्थाओं और अन्य औद्योगिक संस्थानों को देश के अन्य भागों से सीधी कनेक्टिवीटी मिल जाएगी।

---

इससे पहले, पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य के कई वरिष्ठ मंत्रियों तथा एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री का यह बिहार का पहला दौरा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पटना में भव्य रोड शो में भाग लिया। रोड शो की शुरूआत पटना हवाई अड्डे से हुई। रोड शो के दौरान लोगों में गजब का उत्साह दिखा।

———एंबियंस———

प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग बेताव दिखे। लगभग छह किलोमीटर के रोड शो मार्ग में बत्तीस स्थानों पर प्रधानमंत्री के अभिनंदन के लिए विशेष स्वागत मंच बनाए गये थे। रोड शो के मार्ग में खड़े महिला, पुरूष, बुर्जुग, बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते दिखे। इस बीच, प्रधानमंत्री कभी हाथ हिलाकर और कभी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। रोड शो खाजपुरा मोड़, चिड़िया घर, नया सचिवालय, हड़ताली मोड़, आयकर गोलम्बर के रास्ते आगे बढता हुआ वीरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा मुख्यालय पर समाप्त हुआ।

———एंबियंस———

---

ताजा जानकारी के अनुसार इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा सांसदों, विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

---

प्रधानमंत्री श्री मोदी अपने दौरे के दूसरे दिन कल रोहतास के बिक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी क्षेत्र के विकास के लिए कई विकास योजनाओं की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री सोननगर—मोहम्मदगंज तीसरी रेल लाईन, पटना—गया—डोभी फोर लेन सड़क, गोपालगंज में दो सौ उनचास करोड़ रूपए की लागत से बनी फोर लेन—एलिवेटेड सड़क और जहानाबाद में नवनिर्मित छात्रावास तथा स्टॉफ क्वार्टर का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी नबीनगर में फेज—टू के तहत आठ सौ मेगावाट की तीन बिजली इकाई और बक्सर—भरौली के बीच एनएच— नौ सौ बाईस पर गंगा पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। कई अन्य योजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के विकास को अपनी प्राथमिकता में रखते हैं। श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने इस दौरे के दौरान लोकसभा चुनाव में किये बायदों को पूरा कर रहे हैं।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को लेकर आकाशवाणी पटना की ओर से आज रात दस बजे विशेष रिपोर्ट का प्रसारण किया जायेगा। इस प्रसारण को राज्य स्थित आकाशवाणी के अन्य केन्द्रों से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान अपने जन्म से ही आतंकवाद को पालने और उसका पोषण करने की नीति पर चल रहा है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के शौर्य को सलामी दी।

———बाइट———

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी।

———बाइट———

आतंकवाद का कारोबार चलाना कॉस्ट इफेक्टिव नहीं है, बल्कि उसकी भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अनुमान आज पाकिस्तान को हो चुका है। हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्ट्रेटजी और रिसपॉन्स दोनों को रिडिज़ाइन और रिडिफाइन किया है। हमने पाकिस्तान के साथ अपने इंगेजमेंट और स्कोप ऑफ डायलॉग को रिकैलिब्रेट किया है। अब जब भी बात होगी, केवल आतंकवाद पर बात होगी, पीओके पर बात होगी और किसी दूसरे मुद्दे पर पाकिस्तान के साथ बात नहीं होगी।

श्री सिंह ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का श्रेय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को दिया।

———बाइट———

दुनिया के अधिकांश बड़ी–बड़ी कंपनियों में भारतीय ऑरिजिन के लोग बड़ी संख्या में काम कर रहे हैं। जैसे जापान में अपनी टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग की एक अलग पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। वैसे ही भारत की टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग भी पूरी दुनिया में जब स्थापित होगी, तो उसकी ब्रांडिंग हम इंडियन टेक्नोलॉजी द्वारा निर्मित कर सकेंगे। यानी मेक इंडिया के माध्यम से भारत में बनी हर चीज पर प्रीमियम होगा। जैसे कभी मेड इन जापान का होता था।

---

भारत के सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खात्मे के लिए देश की दृढ़ प्रतिबद्धता के रूप में अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ईटली पहुंचा। श्री प्रसाद ने रोम में मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि वैश्विक आतंकवाद के अभिशाप के बारे में दोनों देशों के विचारों में समानता है।

———बाइट———

इधर, जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया पहुंचा। श्री झा ने बताया कि जकार्ता में इंडोनेशिया के विचारकों, शिक्षाविदों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ आतंकवाद के खतरे से निपटने के तरीकों पर बातचीत हुई है।

———बाइट———

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। केंद्रीय बैंक ने आज अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में घरेलू खपत में वृद्धि, मजबूत बैंक और कॉर्पोरेट बैलेंस शीट तथा निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से विकास को बढ़ावा मिलने का अनुमान जताया है। बैंक ने कहा है कि अच्छे मॉनसून, वस्तुओं की कम कीमतों और बेहतर आपूर्ति श्रृंखलाओं की सहायता से मुद्रास्फीति में भी कमी आने की संभावना है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि विनिर्माण और निर्माण का विस्तार होने से नौकरियों और रोजगार के अवसर में भी वृद्धि होगी।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत चार राज्यों के तीन सो तिहत्तर चुनाव कार्यकर्ताओं के आठवें बैच का प्रशिक्षण कार्य आज से नई दिल्ली में शुरू किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी अंतिम मतदाता सूची के संबंध में प्रथम और द्वितीय अपील से संबंधित प्रावधानों से परिचित होंगे। श्री कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण प्रतिभागियों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

---

ईद–उल–अजहा का चांद कल बिहार समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में देखा गया। इसका ऐलान इमारत–ए–शरिया फुलवारीशरीफ और खानकाह–ए–मुजीबिया फुलवारीशरीफ समेत कई मुस्लिम इदारों ने किया है। ईद–उल–अजहा यानी बकरीद सात जून को मनाई जाएगी।

---

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज समस्तीपुर जिले के पूसा में राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की।

---

अररिया जिले के जोगबनी में भारत–नेपाल सीमा पर भारतीय नम्बर वाले वाहनों के नेपाल में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। नेपाल प्रशासन के अचानक लिए इस फैसले से सीमा पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है।

---

मधुबनी जिले के पिपरौन में भारत–नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने जांच के दौरान दो संदिग्ध चीनी नागरिकों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों व्यक्ति नेपाल के रास्ते भारत में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर भारतीय सीमा क्षेत्र में वीडियो बना रहे थे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना हवाई अड्डा के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने दो दिवसीय बिहार दौरे के पहले दिन पटना में किया भव्य रोड–शो। प्रधानमंत्री की झलक पाने के लिए तिरंगा के साथ लोगों की उमड़ी भीड़।

03. प्रधानमंत्री कल रोहतास के बिक्रमगंज में राज्य की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान व्यक्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।